**आकाशवाणी शिमला**
**04.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**वक्फ संशोधन विधेयक**

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने चर्चा के बाद इसे आज मंजूरी दे दी है। एक सौ 28 सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लाभान्वित होंगे। किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होनें कहा कि राज्यसभा में वक्फ–संशोधन–विधेयक पर 17 घंटे और 2 मिनट तक चर्चा की गई और इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल लगता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले वक्फ़ बिल में पुराना रिकॉर्ड 1981 में 16 घंटे 51 मिनट आजमा अधिनियम पर रिकॉर्ड चर्चा की गई थी और राज्य सभा में कल 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा की गई जो एक एक रिकॉर्ड बन गया।

इधर प्रदेश में भी वक्फ संशोधन विधेयक–2025 का लोगों में स्वागत किया है। उन्होंने संशोधन को वक्त की ज़रूरत बताया है। लोगों का कहना है कि संशोधन होने के बाद वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी और पारदर्शिता आयेगी।

**कांग्रेस प्रदर्शन**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के नज़दीक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा नेता जानबूझकर बेवजह मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी परिवार को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे वरिष्ठ सांसद हैं और अनुराग ठाकुर सदन में अभद्र टिप्पणी करके जानबूझकर उनको नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संसद में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर अनुराग ठाकुर द्वारा अभद्र भाषा में टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है और पार्टी उनके बयान की निंदा करती है।

**इंदू गोस्वामी**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश के सभी गांवों में बेहतर मोबाइल नेटवर्क सुविधा देने के लिए 6 सौ 60 नये टावर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्यसभा सांसद इंदू बाला गोस्वामी के सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन टावरों में से अभी तक राज्य में चार सौ 23 टावर स्थापित कर 66 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल के दूरदराज सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाईल संचार नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए 38 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अभी तक 37 टावर स्थापित कर दिए गए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि हिमाचल के 24 टू–जी टावरों को फोर–जी टावरों में अपग्रेड किया जाएगा। उन्होनें कहा कि सरकरी उपक्रम बीएसएनएल ने पिछले 18 वर्षों में पहली बार अक्तूबर से दिसम्बर 2024 की तिमाही में दो सौ 62 करोड़ का नेट प्रॉफिट और 15 करोड़ का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दिखाया है।

———————————————————————————